राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलक्टर (सहायता) दौसा

क्रमांकः—सहायता / आपदा / 2025 / 03 दिनांकः—06.01.25

आदेश

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीत लहर एवं ठंड के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 07.01.2025 का जिले मे संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीत लहर एवं ठंड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियो के स्वास्थ्य के मद्देनजर विद्यालय में अवकाश घोषित किया जाना अतिआवश्यक है।

अतः मैं, देवेन्द्र कुमार जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दौसा, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले मे संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र—छात्राओं का दिनांक 07.01.2025 का अवकाश घोषित करता हूँ। यह अवकाश केवल छात्र—छात्राओं के लिए ही लागू रहेगा, शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निदेर्शित किया जाता है कि वे इस आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान निर्धारित समय के दौरान कक्षा संचालन करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

क्रमांकः—सहायता / आपदा / 2025 / 04—14 दिनांकः—06.01.25

प्रतिलिपिः— निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं—

1. श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय, जयपुर संभाग जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर।
3. अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा / लालसोट।
4. उपखण्ड अधिकारी / तहसीलदार समस्त जिला दौसा।
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा को प्रेषित कर लेख है कि जिले में संचालित सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में उक्त आदेश की पालना कराया जाना सुनिश्चित करावें।
6. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक / प्रारम्भिक, दौसा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश की पालना कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. संस्था प्रधान राजकीय / गैर राजकीय / निजी विद्यालय, समस्त जिला दौसा को पालनार्थ।
8. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, दौसा को प्रकाशनार्थ।
9. रक्षित पत्रावली।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Validity unknownSignature valid

Digitally signed by Devendra Kumar
Designation : District Electoral Officer
Date: 2025.01.06 14:47:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12836283